Cambridge International A Level

**Cambridge Assessment International Education**
Cambridge International Advanced Level

**HINDI** **9687/04**

Paper 4 Texts **October/November 2018**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2018 series for most Cambridge IGCSE™, Cambridge International A and AS Level components and some Cambridge O Level components.



Cambridge Assessment International Education

© UCLES 2018



https://xtremepape.rs/

## Generic Marking Principles

These general marking principles must be applied by all examiners when marking candidate answers. They should be applied alongside the specific content of the mark scheme or generic level descriptors for a question. Each question paper and mark scheme will also comply with these marking principles.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 1:

Marks must be awarded in line with:

- the specific content of the mark scheme or the generic level descriptors for the question
- the specific skills defined in the mark scheme or in the generic level descriptors for the question
- the standard of response required by a candidate as exemplified by the standardisation scripts.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 2:

Marks awarded are always **whole marks** (not half marks, or other fractions).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 3:

Marks must be awarded **positively**:

- marks are awarded for correct/valid answers, as defined in the mark scheme. However, credit is given for valid answers which go beyond the scope of the syllabus and mark scheme, referring to your Team Leader as appropriate
- marks are awarded when candidates clearly demonstrate what they know and can do
- marks are not deducted for errors
- marks are not deducted for omissions
- answers should only be judged on the quality of spelling, punctuation and grammar when these features are specifically assessed by the question as indicated by the mark scheme. The meaning, however, should be unambiguous.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 4:

Rules must be applied consistently e.g. in situations where candidates have not followed instructions or in the application of generic level descriptors.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 5:

Marks should be awarded using the full range of marks defined in the mark scheme for the question (however; the use of the full mark range may be limited according to the quality of the candidate responses seen).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 6:

Marks awarded are based solely on the requirements as defined in the mark scheme. Marks should not be awarded with grade thresholds or grade descriptors in mind.

© UCLES 2018

https://xtremepape.rs/

**Component 4: Texts**

Candidates must write their answers in the target language. Examiners will look for a candidate's ability to communicate effectively and will ignore linguistic errors which do not impede communication.

**Passage-based questions**
Examiners should consider the extent to which candidates have been able to identify the significant issues raised in the passage and, where appropriate, have applied these to the text as a whole. The passage is a stimulus passage, to be used as a springboard to give candidates a starting point for their answer. Examiners should allow candidates to use the passage as they choose, and ask themselves how successfully the candidates have manipulated their material and to what extent they have shown depth of awareness and knowledge of the workings of the text under discussion. This is not an exercise in literary criticism: Examiners should reward candidates whose answers show good understanding of how a text works and how an author has conveyed the key issues.

**Essay questions**
A prime consideration is that candidates show detailed knowledge and understanding of the text.

**Extracts from Examiners' Notes**
This paper is intended to test candidates' knowledge of a text and their ability to use this knowledge to answer questions in a clear and focused manner. A sophisticated literary approach is not expected (though at the highest levels it is sometimes seen), but great value is placed on evidence of a firsthand response and thoughtful, personal evaluation of what candidates have read. Candidates may have been encouraged to depend closely on prepared notes and quotations: quotation for its own sake is not useful, though it will not be undervalued if used appropriately to illustrate a point in the answer.

Candidates do not tend to show all the qualities or faults described in any one mark-band. Examiners attempt to weigh all these up at every borderline, in order to see whether the work can be considered for the category above. At the lower levels, the answer may mention a few 'facts' but these may be so poorly understood, badly organised and irrelevant that it falls into category 10–11; or there may be just enough sense of understanding and focus for the examiner to consider the 12–13 band. Again, at a higher level, an answer may be clear, solid and conscientious (perhaps 18–19), without showing quite the control and attention to perceptively chosen detail which would justify 20 or more.

Examiners take a positive and flexible approach and, even when there are obvious flaws in an answer, reward evidence of knowledge and especially any signs of understanding and careful organisation.

© UCLES 2018


https://xtremepape.rs/

Candidates are expected to write 500–600 words for each of their answers. Candidates who write more than 600 words cannot be placed higher than the 16–17 category in the Mark scheme.

| Marks | Description |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |

© UCLES 2018 

https://xtremepape.rs/

**Indicative Content:**

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 1** | |
| 1 | **सूरसागर सार - सूरदास और श्रीरामचरितमानस - तुलसीदास** | |
| 1(a) | सुंदरकाण्ड से लिए गए इस उद्धरण में वानर सेना के समुद्र-पार पहुँच जाने की सूचना से रावण की सभा में प्रतिक्रिया का वर्णन है। शत्रुसेना के आने की सूचना पर रावण ने मंत्रियों से सलाह मांगी कि क्या करना चाहिए। वे बोले कि चुप रहिए, अर्थात् इसमें क्या पूछना है? वे बोले कि आपने देवताओं और राक्षसों को जीत लिया है तब तो कुछ श्रम ही नहीं हुआ फिर मनुष्य और वानर किस गिनती में हैं? तुलसीदास कहते हैं कि मंत्री, वैद्य और गुरु – ये तीन यदि अप्रसन्नता के भय या लाभ की आशा से हित की बात ना कहकर प्रिय बोलते हैं तो क्रमश: राज्य, शरीर और धर्म - इन तीन का शीघ्र ही नाश हो जाता है। रावण के लिए भी वही संयोग आ बना है। मंत्री उसके सामने स्तुति करते हैं। अवसर जानकर विभीषण आए और उन्होंने भाई के चरणों में सिर नवाया। फिर आज्ञा पाकर वे बोले – 'हे कृपालु जब आपने मुझसे राय पूछी है, तो हे तात मैं अपनी बुद्धि के अनुसार आपके हित की बात कहता हूँ। जो मनुष्य अपना कल्याण, सुंदर यश, सुबुद्धि, शुभ गति और नाना प्रकार के सुख  चाहता हो, वह हे स्वामी! पर स्त्री के ललाट को चौथ के चंद्रमा की तरह त्याग दे अर्थात् जैसे लोग चौथ के चंद्रमा को नहीं देखते हैं, उसी प्रकार पर स्त्री का मुख नहीं देखे।' विभीषण के कथन में काम, क्रोध, मद और लोभ को नरक का रास्ता बताया गया है। इनका परित्याग करके श्री रामचंद्र जी को भजने की प्रेरणा में तुलसी की भक्ति-भावना के दर्शन होते हैं।<br>उत्तर में काम, क्रोध, मद और लोभ की व्याख्या और आधुनिक सदर्भ में उसकी प्रासंगिकता पर टिप्पणी अपेक्षित है। प्रस्तुत उद्धरण द्वारा तुलसीदास ने नीति के जो संदेश दिए हैं वे सर्वकालिक हैं। यदि मंत्री उचित सलाह न दे, वैद्य उचित उपचार न बताए और गुरु सही ज्ञान न दे तो राज्य, शरीर और धर्म का विनाश सुनिश्चित है। | **25** |

© UCLES 2018

https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | महाकवि सूरदास का नाम हिंदी साहित्य में भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है\| वे महाकवि तो थे ही, पर कवि होने से पूर्व वे भक्त थे\| सूरदास ने श्री वल्लभाचार्य जी से दीक्षा ली थी\| वल्लभाचार्य पुष्टिमार्गी थे\| अत: सूरदास पर पुष्टिमार्ग का प्रभाव अनिवार्य रूप से पड़ा था\| पुष्टिमार्ग के अनुसार कृष्ण का अनुग्रह ही पुष्टि है\| कृष्ण उपास्य देव और परमब्रम्ह परमेश्वर है जो अवतार लेता है और अपने भक्तों को प्रसन्न करता है\| इस प्रकार एक ओर तो वह अक्षर परब्रम्ह है और दूसरी ओर भक्तवत्सल मानुष-रूपधारी एवं लीला-बिहारी कृष्ण है\|<br>वल्लभाचार्य से दीक्षा लेने से पहले सूरदास विनय और दैन्यभाव के पद लिखते थे:<br>**'**प्रभु मैं पतितन को टीकौ**\|**<br>और पतित सब दिवस चारि के हौं तो जनमत ही कौ**\|'**<br>वल्लभाचार्य के कथन, 'सूर होके घिघियात क्यों हौ?' के पश्चात कृष्ण के प्रति उनकी अनन्य भक्ति 'मेरौ मन अनत कहाँ सुख पावै\|<br>जैसे उड़ि जहाज कौ पंछी फिर जहाज पै आवे\|' द्वारा व्यक्त हुई\|<br>सूरदास यह मानते थे कि कृष्ण परब्रम्ह, निर्गुण, अद्वैत और गुणातीत है\| किंतु यह जानते हुए भी उन्होंने भगवान के सगुण रूप की उपासना को ही श्रेय दिया क्योंकि;<br>'अबिगत-गति कछु कहत न आवै\|<br>ज्यौं गूँगैं मीठे फल कौ रस अंतरगत हीं भावै\|<br>मन-बानी कौं अगम-अगोचर, सो जाने जो पावै\|<br>सब विधि अगम बिचारहिं तातैं सूर सगुन-पद गावै\|'<br>सूरसागर में कृष्ण के प्रति सख्य-भाव, वात्सल्य-भाव और माधुर्य-भाव की भक्ति के उदाहरण मिलते हैं\| ग्वाल-बाल के प्रसंग में सख्य-भाव के अनेक प्रसंग हैं\| नन्द और यशोदा के माध्यम से कृष्ण के प्रति वात्सल्य भाव के तल्लीनता-पूर्ण वर्णन हैं;<br>'यशोदा हरि पालने झुलावै\|<br>हलरावै, दुलरावै, म्ल्हावै, जोइ सोइ कछु गावै\|<br>मेरे लाल को आउ निंदरिया काहे न आनि सुलावै\|...<br>जो सुख सूर अमर मुनि दुर्लभ सो नन्द भामिनि पावै\|'<br><br>माधुर्य-भाव की भक्ति की पराकाष्ठा कृष्ण-गोपी के प्रेम प्रसंग में दर्शनीय है\| कृष्ण की मुरली सुन कर गोपियाँ अपनी सुध-बुध बिसार देती हैं:<br>'जब मोहन मुरली अधर धरी<br>गृह व्यवहार थके आरज पथ तजत न सकें करी"<br>माधुर्य-भाव की भक्ति की तीव्रता कृष्ण के विरह में व्याकुल गोपियों के प्रसंग में हुई है\| श्रीकृष्ण के विरह में व्याकुल गोपियों को निर्गुण ब्रम्ह की उपासना का संदेश देने के लिए उद्धव को ब्रज में भेजने में कृष्ण का उद्देश्य निर्गुण साधना की दुर्गमता और सगुणोपासना की सहजता की प्रतिष्ठा करना हैं\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | 'निर्गुण कौन देस को बासी?<br>मधुकर हँसि समुझाव, सौँह दै, बूझति साँच न हाँसी\|'<br>गोपियाँ कभी 'लरिकाई कौ प्रेम कहो सखि कैसे छूटे' कहकर अपनी विवशता व्यक्त करती हैं और कभी 'एक हुतौँ सो गयौ स्याम संग को आराधै ईस?' कह कर उद्धव के सम्मुख निराकार ब्रम्ह की साधना करने में अपनी असमर्थता व्यक्त करती हैं\| साथ ही वे ज्ञान-मार्ग का उपहास भी करती हैं: 'अंग भस्म करी सीस जटा धरि, सिखवत निरगुन फीकौ\|' गोपियों की सहृदयता, भावुकता, चतुरता और वाग्वैदग्ध्य के सामने उद्धव का ज्ञान लुप्त हो गया और वे योग का बेड़ा डुबाकर मधुपुरी के लिए प्रस्थान करते हैं\| 'सूर मधुप उठि चल्यो मधुपुरी बोरि जोग को बेरो\|' दास्य-भाव, सख्य-भाव, वात्सल्य-भाव एवं माधुर्य-भाव की भक्ति द्वारा निर्गुण पर सगुण भक्ति की प्रतिष्ठा  सूरदास की भक्ति-भावना का सार है\| | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | **प्रसाद निराला महादेवी पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ** | |
| 2(a) | 'स्नेह-निर्झर बह गया' छायावाद के प्रमुख कवि निराला के आत्मसाक्षात्कार के गीत का एक अद्‌वितीय उदाहरण है। कवि ने अपने निजी जीवन की विडम्बना का मार्मिक चित्रण प्राकृतिक बिम्ब विधान के माध्यम से किया है। छायावाद की विशेषता को समाहित करने के साथ-साथ यह गीत निरंतर संघर्षशील जीवन की छाया में दुराशा की मार्मिक अभिव्यक्ति है। आम की सूखी शाखा कवि के अपने नीरस जीवन का प्रतीक है जिस पर पक्षियों का कलरव नहीं सुनाई देता। पक्षियों का कलरव न सुनाई देना निराला के व्यक्तिगत जीवन की त्रासदी, उनकी पुत्री सरोज की असमय मृत्यु से हुए सूनेपन का और 'आम की सूखी डाल' उनकी मन:स्थिति को प्रतिबिम्बित करती है। जीवन से स्नेह निर्झर बह जाने पर केवल रेत की शुष्कता ही अवशेष रहती है। व्यक्तित्व की 'स्वचेतन अभिव्यक्ति' का यह गीत एक उत्कृष्ट उदाहरण है। लय, ताल, तुक-योजना की कुशलता निराला के कवित्व की विशेषता, अभिव्यक्ति की सहजता तथा सघनता तथा मुक्त छंद, प्रतीकात्मकता, बिम्ब विधान, उपमा ( रेत ज्यों तन), रूपक (स्नेह-निर्झर), (पंक्ति मैं वह हूँ लिखी नहीं जिसका अर्थ), अनुप्रास ( पुलिन पर प्रियतमा) आदि पर टिप्पणी अपेक्षित है।<br><br>**[15 अंक कविता का भावार्थ और 10 अंक निराला की मनोदशा पर टिप्पणी के लिए = 25]** | **25** |
| 2(b) | जयशंकर प्रसाद के अनुसार, **"**जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिंदी में उसे छायावाद नाम से अभिहित किया गया**।"** अभिव्यंजना की विशेष प्रणाली और प्रतीक विधान उसे द्‌विवेदी युग की इतिवृत्तात्मकता और स्थूल आदर्शवादी काव्यधारा से भिन्न करती है**।** छायावादी कविता प्राकृतिक सौंदर्य और सामयिक जीवन की संवेदना से प्रेरित है **।** इसकी विशेषता यह है कि यह आत्माभिव्यंजक होने के साथ स्वच्छंदतावादी विद्रोह की भावना से भी अनुप्राणित है**।** अत: उसमें सामाजिक बंधनों से ऊबकर प्रकृति के अविकृत और रहस्यमय सौन्दर्य में रमने की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है**।**<br>छायावाद की प्रमुख विशेषता: आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति, ('ले चल मुझे भुलावा देकर..'.)<br>कल्पना की अतिशयता,('जिस निर्जन में सागर लहरी, अम्बर के कानों में गहरी, निश्छल प्रेम कथा कहती हो')<br>सौंदर्य के प्रति अत्यधिक आकर्षण और विस्मय की भावना, ('हे लाज भरे सौंदर्य बता दो मौन बने रहते हो क्यों?'),<br>आंतरिक व्याकुलता की अभिव्यक्ति, ('तज कोलाहल की अवनी रे')<br>प्रतीकात्मकता, ('मेरे नाविक')<br>सर्वचेतनावाद, उन्मुक्त प्रेम की प्रवृत्ति आदि के साथ ध्वन्यात्मकता और अनुप्रास ('कल-कल ध्वनि की गुंजारों में', 'कनक किरण के अंतराल में') उपमा, ('मधुसरिता सी') बिम्बविधान, ('हँसी तरल') और अभिव्यक्ति की भंगिमा के उद्धरण पाठ्यक्रम में निर्धारित कविताओं के आधार पर अपेक्षित है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | **मैथिलीशरण गुप्त - भारत-भारती** | |
| 3(a) | प्रस्तुत काव्यांश मैथिलीशरण गुप्त की 'भारत-भारती' के 'भविष्यत् खण्ड' से लिया गया है। गुप्त जी की राष्ट्र-प्रेम की भावना के कारण उन्हें राष्ट्र कवि की उपाधि दी गई। 'भारत-भारती' की प्रेरणा तत्कालीन हिन्दी साहित्य में एक बहुत बड़ी कमी को पूरा करने के लिए हुई थी। स्वयं गुप्त जी के शब्दों में, "हिन्दी में अभी तक इस ढंग की कोई कविता पुस्तक नही लिखी गई जिसमें हमारी प्रचीन उन्नति और अर्वाचीन अवनति का वर्णन भी हो और भविष्यत् के लिए प्रोत्साहन भी।" गुप्त जी ने इस अभाव की पूर्ति के उद्देश्य से प्रेरित हो इसकी रचना की, 'भगवान भारतवर्ष में गूंजे हमारी भारती' में उनकी राष्ट्रीयता की भावना अभिव्यक्त है। 'भारत-भारती' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रथम खण्ड 'अतीत खण्ड' है जिसमें गुप्त जी ने भारतवर्ष के स्वर्णिम अतीत का गुणगान किया है। द्वितीय खण्ड 'वर्तमान खण्ड' है जिसमे देश की वर्तमान अवनत दशा पर क्षोभ एवं संताप की अभिव्यक्ति है। अंत में 'भविष्यत् खण्ड' के अंतर्गत कवि भारतीय समाज को उद्बोधित कर उसे अपने स्वर्णिम अतीत का स्मरण कराके पुन: उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होने की प्रेरणा देता है। उत्तर में कविता का भावार्थ और उसके पीछे गुप्त जी के संदेश पर टिप्पणी अपेक्षित है। कवि भविष्य के प्रति आशावान है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध रचना 'भारत-भारती' ने हिंदी-भाषियों में अपनी जाति और देश के प्रति गौरव की भावना जगाई\| वे भारतीय संस्कृति के प्रवक्ता हैं\| इसमें गुप्त जी ने भारत के स्वर्णिम अतीत का गुणगान और वर्तमान अवनति का चित्रण करते हुए भविष्य के उत्थान की प्रेरणा प्रदान की है\| राष्ट्रीयता की चेतना जगाने में 'भारत-भारती' का महत्वपूर्ण योगदान रहा है\| गुप्त जी को इस बात की बहुत ग्लानि थी कि "जो आर्य जाति कभी सारे संसार को शिक्षा देती थी वही आज पद पद पर पराया मुँह ताक रही है\|" देशवासियों को उन्नति और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देने के लिए आवश्यक था कि उन्हें अतीत भारत के स्वर्णिम इतिहास और वर्तमान अधोगति से अवगत कराया जाए\| स्वयं गुप्त जी के शब्दों में 'हम कौन थे क्या हो गये हैं और क्या होंगे अभी, आओ विचारें आज मिलकर वे समस्याएँ सभी', भारत-भारती की केंद्रीय भावना है\|<br>अतीत और वर्तमान के अंतर को स्थापित करने के लिए उन्होंने दोनों के वैपरीत्य को अतीत खण्ड एवं वर्तमान खण्ड के अंतर्गत वर्णित किया है\| उनका उद्देश्य एक ऐसी रचना करना था जिसमें,"हमारी प्रचीन उन्नति और अर्वाचीन अवनति का वर्णन भी हो और भविष्यत् का प्रोत्साहन भी\|"<br>'अतीत खण्ड' में भारतवर्ष के प्राचीन गौरव की प्रशस्ति है\| भारतवर्ष ऋषियों की भूमि है जहाँ हिमालय के उत्तुंग शिखर हैं और पावन जलदायिनी गंगा प्रवाहित होती हैं\| भारतवर्ष का इतिहास संसार के सभी देशों के इतिहास से पुराना है\| गुप्त जी अपनी इस मान्यता की पुष्टि के लिए प्रसिद्ध इतिहासकार टाड को उद्धृत करते हैं जिनके अनुसार, "आर्यावर्त के अतिरिक्त और किसी भी देश में सृष्टि के आरम्भ का हिसाब नहीं पाया जाता\| इससे आदि सृष्टि यहीं हुई, इसमें संदेह नहीं\|"<br>कवि भारत-वासियों की वीरता, आदर्श, विद्या-बुद्धि, कला-कौशल, सभ्यता-संस्कृति, साहित्य-दर्शन एवं आदर्श स्त्री पुरुषों का गुणगान करता है:<br>'उन पूर्वजों की कीर्ति का वर्णन अतीव अपार है,<br>गाते नहीं उनके हमीं गुण गा रहा संसार है\|'<br>इसके विपरीत "वर्तमान खण्ड" में वर्तमान अधोगति के वर्णन के पीछे कवि का क्षोभ व्यक्त हुआ है\| जहाँ अतीत भारत में काव्य, संगीत, कला और दर्शन का उत्कर्ष था, वर्तमान भारत में उन सभी का अपकर्ष कवि की राष्ट्रीयता की भावना को संतप्त करते है:<br>'छाई अविद्या की निशा है, हम निशाचर बन रहे;<br>हा! आज ज्ञानाभाव से वीभत्स रस में सन रहे\|'<br>'भारत! तुम्हारा आज यह कैसा भयंकर वेष है?<br>है और सब नि:शेष केवल नाम ही अब शेष है!' | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | साहित्य, संगीत, धर्म, दर्शन आदि के क्षेत्र में हुई अवनति, युवावर्ग की विलासिता, तीर्थ-स्थलों और मंदिरों की दुर्गति तथा स्त्रियों की दुर्दशा का वर्णन जनमानस को जागृत करके अधोपतन की दशा से निवृत्त कराने के उद्देश्य से किया गया है| अंत में वे तामसिक विचारों में डूबे भारतवासियों को दिशा निर्देश करते हुए उन्हें उद्‌बोधित करते हैं, "अब भी समय है जागने का देख" में उनकी भविष्य के प्रति आस्था एवं, '"क्या साम्प्रदायिक भेद से है ऐक्य मिट सकता अहो!" में एकराष्ट्र की परिकल्पना है|<br><br>**[20 अंक़ उत्तर और 5 अंक कविता के उद्धरण के लिए= 25]** | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 2** | |
| 4 | **आधे-अधूरे - मोहन राकेश** | |

© UCLES 2018

https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | मोहन राकेश का नाटक 'आधे-अधूरे' आज के जीवन के एक गहन अनुभव-खंड को मूर्त करता है\| यह नाटक मानवीय संतोष के अधूरेपन का रेखांकन है\| नाटक के पात्र – सावित्री, महेन्द्रनाथ, बड़ी बेटी बीना, छोटी बेटी और अशोक सभी मानवीय कमज़ोरियों से पूर्ण और नितांत परिचित लगते हैं\| नाटक के प्रारम्भ में सूत्रधार का कथन,'"सड़क के फुटपाथ पर चलते आप अचानक जिस आदमी से टकरा जाते हैं, वह आदमी मैं हूँ", नाटक पर नितांत ख़रा उतरता है\| रंगमंच के निर्देश द्वारा भी नाटककार मध्य-वित्तीय स्तर से ढहकर निम्न-मध्य-वित्तीय स्तर के घर का वातावरण निर्मित करता है जहाँ "एक चीज़ का दूसरी चीज़ से रिश्ता लगभग टूट चुका है... गद्दे, परदे, मेज़पोश और पलंगपोश अगर हैं तो इस तरह घिसे, फटे या सिले हुए कि समझ में नहीं आता कि उनका न होना क्या होने से बेहतर नहीं था?" सावित्री के चरित्र में आधुनिक मध्यवर्गीय नारी के जीवन की विडम्बना के दर्शन होते हैं\| नाटक में सावित्री की चार भूमिकाएँ हैं\| वह एक स्त्री, पत्नी, माँ और प्रेमिका है\| वह इन चारों भूमिकाओं में सामंजस्य नही बैठा पाती है\| फलत: वह किसी भी भूमिका का निर्वाह सफलता पूर्वक नही कर पाती है\| परिवार में आर्थिक समस्याओं एवं पारस्परिक सामंजस्य के अभाव से जूझती हुई सावित्री ना तो सफल पत्नी बन पाई , ना ही सफल प्रेमिका! एक सफल माँ तो वह है ही नहीं\| गृहस्थी के आर्थिक उत्तरदायित्व को अकेले सम्हालने के संघर्ष में उलझी हुई सावित्री स्त्रीत्व के नैसर्गिक गुणों – ममता, कोमलता, मधुरता आदि को कहीं खो बैठी है\| सावित्री में सबसे बड़ी कमी यह है कि वह स्वयं अधूरी स्त्री होकर भी एक संपूर्ण पुरुष की तलाश में है\| पति महेन्द्रनाथ की अकर्मण्यता से तिक्त होने के परिणाम स्वरूप उसके प्रति उसका व्यवहार तिरस्कार और कटुता भरा है जिसे वह छिपाने का प्रयत्न तक नही करती है\| उसके संवाद उसकी हताशा और ख़ीज ज़ाहिर करते हैं\| घर आने पर उसे घर की स्थिति,"रोज़ आने पर पचास चीज़ें यहाँ-वहाँ बिखरी मिलती हैं"से शिकायत, जो कि असल में जगमोहन से है, व्यक्त होती है\| पति-पत्नी के सम्बन्धों में गहरी दरार उत्पन्न करके एक ऐसी दमघोटू स्थिति का वातावरण बन जाता है जिससे पूरा परिवार पीड़ित है\| मोहन राकेश ने नाटक में इसका मनोवैज्ञानिक चित्रण अत्यंत सजीवता और तीव्रता के साथ किया है\| अपनी संतान के लिए सावित्री एक आदर्श माँ नही बन पाई, बड़ी बेटी मनोज रूपी हमदर्द को पाते ही घर से निकल भागी\| बेटा पत्रिकाओं से अभिनेत्रियों की तस्वीरें काटता हुआ इस मौके की तलाश में है, जब वह यहाँ से निकल सकेगा\| अपने भविष्य के लिए उसके पास ना कोई योग्यता है ना आकांक्षा\| छोटी लड़की माता, पिता, भाई, बहन – किसी के भी प्रति लगाव नहीं अनुभव करती है\| उसके मन में सबके प्रति एक कड़ुआहट और आक्रोश है और वह उम्र से पहले ही 'बड़ी' हो रही है\| सावित्री एक सफल प्रेमिका बनने में भी असमर्थ है\| सिंहानिया के आने पर वह अपने बेटे के लिए नौकरी की समस्या की ही चिंता करती है\| सावित्री में सबसे बड़ी कमी यह है कि वह स्वयं अधूरी स्त्री होकर भी पूरे पुरुष की तलाश में भटकती है\| उसके जीवन की त्रासद स्थिति को मोहन राकेश ने अत्यंत सक्षम शैली में प्रामाणिकता प्रदान की है\| पति महेंद्रनाथ अकर्मण्य और ज़िंदगी से हारा हुआ है\| बड़ी लड़की बीना अपने वैवाहिक जीवन से असंतुष्ट है\| इस प्रकार सभी पात्रों के माध्यम से मोहन राकेश ने मानवीय संतोष के अधूरेपन को रेखांकित किया है\| जो लोग जीवन से बहुत कुछ अपेक्षा रखते हैं, उनकी तृप्ति अधूरी ही रहती है\| नाटक के इस केंद्रीय भाव को मोहन राकेश ने अत्यंत सशक्त एवं सार्थक रूप से सम्प्रेषित किया है\| | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | 'आधे-अधूरे' नाटक में मोहन राकेश ने विवाह संस्था के भीतर होने वाले खोखलेपन और पारिवारिक संबंधों के विघटन की त्रासदी जैसे जटिल और संवेदनशील विषय को अत्यंत सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया है\| नाटक की कथावस्तु जीवन के अधूरेपन को पारिवारिक सम्बंधों के विघटन के माध्यम से प्रस्तुत करने में सक्षम है\| मोहन राकेश की भाषा में वह सामर्थ्य है जो समकालीन जीवन के तनाव को पकड़ सके\| शब्दों का चयन, उनका क्रम, संयोजन – सब कुछ बहुत ही सम्पूर्णता से लेखक के अभिप्रेत को व्यक्त करता है\| लेखक का मानना है कि जीवन में सम्पूर्णता की आशा करना व्यर्थ है और जो ऐसा करते हैं उनके हाथ निराशा ही लगती है\| नाटक के सारे पात्र जीवन के अधूरेपन के असंतोष को जीने के लिए अभिशप्त हैं\| नाटक के कथानक के विवरण सहित उसकी मूल संवेदना – समकालीन जीवन के तनाव, अधूरेपन की विवशता, उससे उपजे आक्रोश और पारिवारिक सम्बन्धों के विघटन के चित्रण सहित नाटक के शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी अपेक्षित है\|<br><br>**[15 अंक कथानक और 10 अंक शीर्षक की सार्थकता के लिए = 25]** | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
| --- | --- | --- |
| 5 | **आधुनिक कहानी संग्रह - सरोजिनी शर्मा** | |
| 5(a) | हिन्दी कथा साहित्य की परम्परा में प्रेमचन्द का एक विशिष्ट स्थान है\| 'पूस की रात' में उन्होंने अपनी यथार्थवादी दृष्टि से कृषक-जीवन के संघर्ष और उत्पीड़न को हल्कू की मार्मिक कहानी के द्वारा चित्रित किया है\| गरीब किसान हल्कू ने एक-एक पाई जोड़कर सर्दी से बचने के लिए कम्बल खरीदने के लिए तीन रुपये बचाए, किंतु अचानक सहना ने आकर अपने कर्ज़ का तकाजा किया और उसकी पत्नी मुन्नी की असहमति पर भी उसने वे रुपये सहना को दे दिए\| "उसका मस्तक अपनी दीनता के भार से दबा जा रहा था" द्वारा प्रेमचन्द ने उसकी मन:स्थिति का सजीव वर्णन किया है\| उसके इस व्यवहार से उसके संघर्षमय जीवन और चारित्रिक विशेषता - नि:स्वार्थ भावना परिलक्षित होते हैं\| उसे सहना की घुड़की खाने की अपेक्षा सर्दी की रात में खेत पर ठिठुरना स्वीकार है\| पूस की रात थी\| हल्कू अपने कुत्ते जबरे के साथ खेत पर पत्तों की छतरी के नीचे ठंड से काँप रहा है\| आठ बार चिलम भी पी चुका पर पूस की रात की कड़ाके की सर्दी पर उसका कोई असर नहीं हुआ\| सोने का प्रयास किया, जबरा को अपने पास सुला लिया, पर जाड़े से त्राण नहीं मिला\| ठिठुरते हुए हल्कू ने सूखे पत्ते बटोरकर जलाए तब कुछ राहत मिलने पर वहीं आलस्य में पड़ा रहा, नील गाएँ खेत चरती रहीं\| यह प्रसंग हल्कू के मन की दुर्बलता को मनोवैज्ञानिक रूप से चित्रित करता है\| पूरी रात ठण्ड से ठिठुरे शरीर को थोड़ी सी गर्माहट मिलने पर जानवरों के झुण्ड के आने और खेत चरे जाने की आहट सुनकर भी उसे "जाड़े-पाले में खेत में जाना असह्य जान पड़ा\|" सुबह पत्नी ने आकर जगाया और बताया कि रात को जानवर खेत चर गए और अब मजूरी करके मालगुज़ारी भरनी होगी\| उत्तर में हल्कू प्रसन्नता से कहता है,"रात को ठण्ड में सोना तो न पड़ेगा\|" हल्कू के चरित्र के माध्यम से शीत के भयंकर प्रकोप से मुक्त होने की संभावना सारे कष्टों के सामने तुच्छ समझने वाले मानव स्वभाव का मनोवैज्ञानिक चित्रण 'पूस की रात' को एक सर्वकालिक विशिष्ट कहानी बनाता है\| | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | मृणाल पाण्डे हिंदी की सुपरिचित संवेदनशील लेखिका हैं\| 'दुर्घटना' कहानी एक ओर पुरानी परंपराओं से जुड़ी हुई है और दूसरी ओर पारिवारिक अंत:सूत्रों से कटी हुई तथाकथित आधुनिकता से संबद्ध वैभव- सम्पन्न ज़िंदगी का चित्रण है\| इन दोनों के आपसी टकराव के फलस्वरूप संबन्धों के खोखलेपन के संवेदनशील चित्रण ने कहानी को अत्यंत मार्मिक बना दिया है\|<br>कहानी की कथावस्तु एक संक्षिप्त घटना पर आधारित है जिसके सहारे एक महत् सामाजिक दुर्घटना का मार्मिक चित्रण है\| सड़क पर चलते हुए एक गाड़ी के नीचे आकर बाबूजी मर गए\| संक्षिप्त सी क्रिया हुई, वक्त नहीं था कि बड़े भाई और अन्य परिचितों को खबर की जाती\| बाद में सबको फोन पर खबर देने पर बड़े भैया ने केवल बाबूजी के सामान को सलटाने की बात की\| बाबूजी के सामान में से उनकी रुचि उनकी याद को संजोने वाली चीजों में नहीं बल्कि पुरानी मूर्ति या ताम्रपत्र में है\|<br>कहानी की कथावस्तु की कसावट इसमें है कि लेखिका या कथावाचक को कुछ टिप्पणी करने की ज़रूरत नहीं पड़ती, घटनाक्रम स्वयं ही पाठक की संवेदना को विचलित कर देता है\| चलचित्र की सजीवता की तरह अतीत की स्मृतियाँ एक-एक करके जीवंत होती जाती हैं\| दोनों भाइयों का बचपन,<br>माँ का उनके लिए उज्ज्वल भविष्य की आकांक्षा से गाँव छोड़कर जाना, उच्च अध्ययन के लिए वैभवशाली मनोवृत्ति के खोखलेपन को रेखांकित करता है\| भाभी पहले तो देवर को पहचान नहीं पाती है और बाबूजी के उनकी गाड़ी के नीचे आकर मर जाने की सूचना पर औपचारिक रूप से ख़ेद प्रकट करके "भला उतनी रात बिना पारपथ के, चलती सड़क उन्होंने हरी बत्ती पर कैसे पार की?" कहकर दुर्घटना के लिए उन्हीं को उत्तरदायी करार कर देती है\| बाबूजी की जान से अधिक चिंता उन्हें अपनी गाड़ी के मडगार्ड के पिचक जाने की है\| कथावाचक की प्रतिक्रिया," संभव है कि यह मेरे भाई की बीबी नहीं है, संभव है कि मैं ही अपने भाई का भाई नहीं हूँ! या अपने बाप की औलाद", पारिवारिक सम्बंधों के विघटन को रेखांकित करता है\|<br>तथाकथित आधुनिकता और वैभव का मुलम्मा चढ़ने पर पारिवारिक सम्बन्ध किस तरह से फीके पड़ सकते हैं 'दुर्घटना' कहानी इसका एक मार्मिक दस्तावेज़ और सड़क पर हुई दुर्घटना से भी कहीं बड़ी और दु:खद दुर्घटना है\| | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | **मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ - सम्पादक : अभिमन्यु अनत** | |
| 6(a) | महेश रामजियावन की 'चक्कर' कहानी में लेखक ने यथार्थवादी दृष्टि से सरकारी अस्पताल की दुरावस्था का चित्रण किया है। हाथ में लगी चोट के दर्द से पीड़ित नायक सरकारी अस्पताल के एक विभाग से दूसरे विभाग में भेजा जाता है और अंत में उसे  मालूम होता है कि उसके हाथ की हड्डी टूट गई है जिस पर पहले ही प्लास्टर लग जाना चाहिए था। सरकारी अस्पताल के वातावरण का चित्रण – रोगियों के उदास चेहरे, कर्मचारियों का 'चिढ़ती हुई आवाज़' में बात करना, क्लर्क का 'अनचाही नज़र' से कार्ड लेना, मैनेजर का 'डाँट कर खड़े लोगों को बैठने को कहना' आदि द्वारा किया गया है। मानवीय सद्भावना और सहानुभूति के नितांत अभाव का वर्णन लेखक ने संवेदनशील शैली में सजीवता के साथ किया है। अस्पताल में किसी प्रकार की व्यवस्था का नितांत अभाव है। साढ़े आठ बजे खुलने वाली डिस्पेंसरी नौ बजे तक सांय-सांय करती है और गाँव के लोग इस अव्यवस्था को बिना विरोध किये स्वीकार कर लेते हैं। कम्पाउंडर बिना रिश्वत लिए किसी को इंजेक्शन नहीं लगाता है – सरकारी अस्पतालों की यह वास्तविकता कहानी की मूल संवेदना है जिसे लेखक ने अपने कथाशिल्प की परिपक्वता द्वारा चित्रित किया है। | **25** |
| 6(b) | 'टूटा पहिया' अभिमन्यु अनत की एक विशिष्ट कहानी है। लेखक ने स्वतंत्रता के दस वर्षों में आये आधुनिक-करण के जोश में जीवन मूल्यों के अवमूल्यन को भयवा यूसुफ नाम के तांगा चालक की कहानी के माध्यम से चित्रित किया है। स्वतंत्रता के बाद के दस साल उसकी अपनी ज़िंदगी के पहले साठ सालों से भी लम्बे थे। जन साधारण ने देश की स्वाधीनता से जो बड़ी-बड़ी आशाएँ बाँध रखी थीं, दस सालों में उन्हें निराशा ही हाथ लगी। भयवा यूसुफ की कहानी से लेखक ने  स्वतंत्रता के बाद आये परिवर्तन का मूल्यांकन किया है। उसकी जीविका का आधार तांगा जब सड़क से बंद कर दिया जाता है तो वह अपना प्रतिरोध भत्ते की राशि को अस्पताल के नाम दान कर व्यक्त करता है। स्वतंत्रता समारोह में प्रसिद्ध गायिका के आने की सूचना से उत्साहित होकर मण्डप में पहुँचने पर भी उसे निराशा ही मिलती है। लौटते समय पर्यटन विभाग की नुमाइशी लॉरी पर हवाई जहाज की अगवानी करते हुए तांगे को देखकर उसका हृदय काँप उठता है। देश की आज़ादी पर सबसे बड़ा व्यंग्य यह है कि जिस तांगे को सरकार ने शहर से निष्काषित कर कोचवानों की जीविका का हरण किया, वही तांगा जश्न के जुलूस में सबसे आगे है। देश की इस तथाकथित प्रगति में ना जाने कितने तांगेवालों की रोजी-रोटी छिन गई। नगर-पालिका के निर्णय का शिकार भयवा यूसुफ अकेला नहीं है। कहानी का शीर्षक प्रगति के टूटे पहिये का प्रतीक है। स्वाधीनता के बाद के इस मोहभंग को अभिमन्यु अनत ने अपनी सक्षम शैली में वर्णित किया है जो पाठक की संवेदना को स्पर्श करती है। कहानी के अंत में हताश भयवा यूसुफ का धरती पर बैठे रहना उसके मोहभंग की करुण छवि बन कर पाठक की चेतना को झकझोर कर देश की तथाकथित प्रगति पर एक प्रश्न-चिन्ह बन जाता है। | **25** |

© UCLES 2018

https://xtremepape.rs/